## प्राइवेट नौकरी में चयनित प्रशिक्षणार्थियों की सफलता की कहानी



| | | |
|---|---|---|
| NAME | - | Sourabh Kumar Vishvakarma |
| FATHER’S NAME | - | Santosh Kumar Vishvakarma |
| SESSION | - | 2021-2023 |
| NAME OF ITI | - | Govt Divi. i.t.i. Narmadapuram |
| TRADE | - | Turner |
| GENDER | - | Male |
| COMPANY | - | Steel and Sariya Manufacuturing Company Osaka Japan |
| POST HELD | - | Technian |
| SALARY | - | 1.5 Lakh Per Month |

### विवरण

मेरा नाम सौरभ विश्वकर्मा है। में अभी जापान के शहर ओसाका की एक कंपनी मैं जॉब कर रहा हूं । मध्य प्रदेश सरकार की OBC योजना के सहयोग से आईटीआई के साथ-साथ जापानी भाषा सिखने के लिए State Level Employment and Training Centre, Bhopal से प्रशिक्षण प्राप्त किया । मैने जापानी भाषा N5 - N4 एक्जाम को पास किया। जापान की प्रतिष्ठित कंपनी में मेरा चयन हुआ | इसके लिए जापान की कार्य विशेषता तथा जापान के कायदा कानून का 01 माह प्रशिक्षण हुआ | मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य सीखना है और हमेशा सीखता रहूंगा । इस सफलता की यात्रा के दौरान मेरे टर्नर ट्रेड के प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमति मीना रायदास एवं श्रीमान महेंद्र खातरकर द्वारा सपोर्ट तथा मोटिवेट किया गया |

<u>सफलता की कहानी</u>



| | | |
|---|---|---|
| NAME | - | Ravina Chouhan |
| FATHER'S NAME | - | Sevaram chouhan |
| SESSION | - | 2018-2019 |
| NAME OF ITI | - | Govt ITI Mahidpur |
| TRADE | - | Electrician |
| GENDER | - | Female |
| ADDRESS | - | Village Kadhai, Teh. Mahidpur, Ujjain |
| MOBILE | - | 9009545582 |
| EMAIL | - | rc2567915@gmail.com |
| CATEGORY | - | electrician |
| COMPANY | - | JCB India Ltd Jaipur Rajasthan |
| POST HELD | - | Team member |
| SALARY | - | 35000 per month |

# विवरण

मैं रवीना चौहान, मेरे पिताजी मजदूर एवं मेरी माँ गृहणी है हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी न होने के कारण मैंने आईटीआई कर रोजगार प्राप्त करने का निर्णय लिया, आईटीआई में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया और जेसीबी इंडिया लिमिटेड जयपुर के कैंपस इंटरव्यू में शामिल हुई जहां से मेरा चयन हुआ, श्री सुरेंद्र सूर्यवंशी सर एवं श्री विकास पाठक सर के प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के कारण मेरा इंटरव्यू में चयन हुआ | मेरी शुरुआती सैलरी 11000 रुपए प्रतिमा थी जो बढ़कर 35000 रुपए प्रतिमाह हो गई है | मैं यह कहना चाहती हूं कि मेहनत और लगन से आईटीआई करें और कैंपस में सम्मिलित हो अच्छा रोजगार प्राप्त करें एवं अपने परिवार की मदद में सहायक बने रोजगार प्राप्त होने के बाद मैंने अपना मकान कच्चे मकान का रिनोवेशन पक्का करवाया अपने और मम्मी के लिए ज्वेलरी आदि बनवाई मकान में पूर्ण फर्नीचर बनवाया है शीघ्र ही में चार पहिया वाहन एवं एक प्लॉट खरीदने वाली हूं आईटीआई कर रोजगार प्राप्त कर लेने से मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ी, मुझे एवं मेरे माता पिता को भी अब समाज/रिश्तेदारों में विशेष मान-सम्मान मिलता है | मैं अपनी सफलता का श्रेय मेरे माता पिता एवं प्रशिक्षण अधिकारियों को देती हूं जिनके उचित मार्ग दर्शन से में आज अच्छी जॉब के साथ सम्मानित जीवन यापन कर रहीं हूं साथ कौशल विकास विभाग का भी धन्यवाद महिदपुर तहसील में आईटीआई होने के कारण ही में आई टी आई कर पाई |

# <u>सफलता की कहानी</u>



| | | |
|---|---|---|
| NAME | - | Arun shakya |
| FATHER'S NAME | - | Hargyan singh shakya |
| SESSION | - | 2020-22 |
| NAME OF ITI | - | Govt. Divisional ITI Gwalior |
| TRADE | - | Turner |
| GENDER | - | Male |
| COMPANY | - | Infinity Abu Dhabu UAE |
| POST HELD | - | wage employee |
| SALARY | - | CTC 45000/-(Approximate) |

## विवरण

प्लेसमेंट सेल, शासकीय संभागीय आईटीआई - ग्वालियर,में 21मई 2024 को आयोजित कैम्पस ड्राइव के माध्यम से निम्न आय वर्गीय परिवार के श्री अरुण शाक्य का चयन टर्नर व्यवसाय से आईटीआई उत्तीर्ण करने के आधार आबू धाबी स्थित विनिर्माण कंपनी जिंदल सा गल्फ एल.एल.सी. में कार्य करने हेतु सम्बंधित प्रतिष्ठान द्वारा किया गया है | पिताजी निर्माण कार्य में मजदूरी कार्य करते थे एवं श्री अरुण के आईटीआई उतीर्ण करने के दौरान पिताजी का स्वर्गवास हों गया था । परिवार की जिम्मेदारी इनके ऊपर आ गई | ऐसी विपत्ति के समय आईटीआई की योग्यता के आधार पर चयन विदेश में रोजगार हेतु हुआ है |मेरा पासपोर्ट मेडिकल इत्यादि होने के बाद वीजा प्रक्रिया धीन है I आईटीआई के आधार पर मिले इस सम्मानजनक अवसर प्राप्त होने पर मैं अपनी माताजी एवं छोटे भाई की देख-रेख एवं भरण पोषण कर सकूँगा |

**स्वरोजगार की सफलता की कहानी**



| | | |
|---|---|---|
| NAME | - | ROUNAK RATHOD |
| FATHER'S NAME | - | DHANRAJ RATHOD |
| SESSION | - | 2019-2020 |
| NAME OF ITI | - | GOVT ITI BARWANI |
| TRADE | - | DIESEL MECHANIC |
| GENDER | - | MALE |
| COMPANY | - | VICKY AUTO PARTS POST |
| HELD | - | OWNER |
| INCOME | - | 60000/- |


# विवरण

मै रौनक राठोड , मैंने वर्ष 2019-20 में डीजल मैकेनिक ट्रेड से आईटीआई में प्रवेश लिया जिसमे मैंने कड़ी मेहनत की और मेरे ट्रेड टीचर श्री विनोद पटेल सर के मार्गदर्शन में आईटीआई में 75% अंक प्राप्त किये, आईटीआई पास होने के बाद मैंने अपने स्वयं का व्यवसाय डालने के लिए कई स्थानों पर प्रयास किया और मेरी कड़ी मेहनत के बाद मैने बडवानी में विक्की ऑटो पार्ट्स के नाम से अपने व्यवसाय की शुरुआत की , अच्छी मेहनत और मार्गदर्शन से आज मेरा व्यवसाय अच्छे से चल रहा है और आज में 60000/- से ज्यादा कमाई कर रहा हु और प्रयास करूंगा की इसे और आगे ले जाऊ |

आईटीआई बडवानी की उद्यमिता विकास सेल से मार्गदर्शन एवं परामर्श से विक्की ऑटो पार्ट्स की शॉप खोली I जिससे मेरी परिवार की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है और मेरा परिवार संतुष्ट हैं और मैं गोरान्वित होता हु कि में इस व्यवसाय का मालिक हूँ |

<u>सफलता की कहानी</u>

| | | |
|---|---|---|
| NAME | - | KUNDAN GAUD |
| FATHER'S NAME | - | NITESH GAUD |
| SESSION | - | 2019-2021 |
| NAME OF ITI | - | GOVT. ITI BHIKANGAON |
| TRADE | - | ELECTRICIAN |
| GENDER | - | M |
| COMPANY | - | स्वरोजगार (इलेक्ट्रीशियन) |
| SALARY | - | 25000/- लगभग |



मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति मजदूरी पर निर्भर थी, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। पढ़ाई पूरी करने के बाद, मुझे स्वरोजगार की तलाश थी जिससे मैं अपने परिवार की सहायता कर सकूं। इसके लिए मैंने आई.टी.आई से इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय से प्रशिक्षण पूर्ण करने उपरांत ही स्वयं का व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्य प्रारंभ किया | मेरी लगन और मेहनत ने मुझे सफलता की ओर बढ़ने में मदद की। आज मैं अपने क्षेत्र में प्रतिष्ठित इलेक्ट्रीशियन हूँ और मुझे गर्व है कि मेरी मासिक आय लगभग 25,000 रुपये है, जो मुझे और मेरे परिवार को सुख और समृद्धि से भरा जीवन दे रही है।